## छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
## प्रश्न

(1) प्रश्न कमांक : 395
(2) विभाग से उत्तर प्राप्त होने की अंतिम तिथि : 19.07.2006
(3) सदन में उत्तर देने की तिथि : 26.7.2006
(4) वर्ग जिसके लिए वह तिथि नियत है : वर्ग – 03

स्कूल शिक्षा विभाग

विषयः– जनभागीदारी द्वारा संचालित शालाओं से संबंधित जानकारी ।

श्री महेन्द्र कर्मा

तारांकित प्रश्न

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री, महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि –

(क) प्रदेश में कितनी जनभागीदारी शालायें संचालित है ? कृपया जिलेवार पृथक–पृथक बतावें?

(ख) वर्ष 2004–05, 2005–06 में कितनी जनभागीदारी शालाओं को माध्यमिक से हाई स्कूल, हाई स्कूल से हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन कर शासनाधीन किया गया है ?

(ग) सत्र 2006–07 में कितनी जनभागीदारी शालाओं ने संचालन हेतु मान्यता शुल्क के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है? एवं कितनों ने मान्यता शुल्क का भुगतान किया है?

(घ) प्रश्नांश (ग) के संबंध में, शासन द्वारा कितनी शालाओं को मान्यता की अनुमति 30.06.2007 तक दी गई है ?

## //उत्तर//

स्कूल शिक्षा मंत्री, श्री मेघाराम साहू

**(क)** स्कूल शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रदेश में 1064 जनभागीदारी शालाएं संचालित हैं । जिलेवार जानकारी **परिशिष्ट–''अ''** पर है ।

(ख) किसी को भी शासनाधीन नहीं किया गया है ।

(ग) छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को कुल 739 जनभागीदारी शालाओं ने संचालन हेतु मान्यता शुल्क सहित आवेदन दिया है ।

(घ) छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मान्यता देने की कार्यवाई-प्रकियाधीन है ।

अवर सचिव
स्कूल शिक्षा विभाग
छत्तीसगढ़ शासन
मंत्रालय, रायपुर

परिशिष्ट(अ)

तारांकित प्रश्न क्रमांक 395

## जनभागीदारी द्वारा संचालित शालाओं से संबंधित जानकारी

| क्रमांक | जिला का नाम | हायर सेके. | हाईस्कूल | पू.मा.शा. | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रायपुर | 39 | 70 | 111 | 220 |
| 2 | महासमुन्द | 15 | 35 | 0 | 50 |
| 3 | धमतरी | 0 | 31 | 0 | 31 |
| 4 | दुर्ग | 29 | 39 | 49 | 117 |
| 5 | बेमेतरा | 32 | 46 | 0 | 78 |
| 6 | राजनांदगांव | 26 | 57 | 37 | 120 |
| 7 | कंवर्धा | 12 | 41 | 28 | 81 |
| 8 | बिलासपुर | 12 | 50 | 44 | 106 |
| 9 | जांजगीर | 12 | 39 | 33 | 84 |
| 10 | कोरबा | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | रायगढ़ | 23 | 35 | 20 | 78 |
| 12 | जशपुर | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | सरगुजा (अम्बिकापुर) | 3 | 1 | 9 | 13 |
| 14 | रामानुजगंज | 1 | 0 | 11 | 12 |
| 15 | सूरजपुर | 3 | 6 | 5 | 14 |
| 16 | कोरिया(बैकुन्ठपुर) | 4 | 0 | 2 | 6 |
| 17 | बस्तर (जगदलपुर) | 3 | 5 | 1 | 9 |
| 18 | उ.बस्तर (कांकेर) | 10 | 24 | 11 | 45 |
| 19 | द.बस्तर (दंतेवाड़ा) | 0 | 0 | 0 | 0 |
|  | **योग** | 224 | 479 | 361 | 1064 |

अनुभाग अधिकारी
स्कूल शिक्षा विभाग
छत्तीसगढ़ शासन
मंत्रालय, रायपुर

छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रश्न कमांक | : | 36 |
| (2) | विभाग से उत्तर प्राप्त होने की अंतिम तिथि | : | 19.07.2006 |
| (3) | सदन में उत्तर देने की तिथि | : | 26.7.2006 |
| (4) | वर्ग जिसके लिए वह तिथि नियत है | : | वर्ग – 03 |

स्कूल शिक्षा विभाग

विषयः– विकासखण्ड डभरा एवं मालखरौदा के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन।

श्री नोवेल कुमार वर्मा — तारांकित प्रश्न

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री, महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि –

(क) जांजगीर– चांपा जिले के विकासखण्ड डभरा एवं मालखरौद में 1 जनवरी 2006 से 1 जुलाई 2006 तक कितने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा है ? स्कूल का नाम, छात्रों की संख्या, वितरित किए गए चांवल व रुपये तथा सचालन किये जा रहे संस्था का नाम क्या–क्या है ?

(ख) कंडिका (क) में किन किन स्कूलों को चांवल व रुपये का वितरण प्राप्त नहीं हुआ ?

//उत्तर//

स्कूल शिक्षा मंत्री, श्री मेघाराम साहू

**(क)** जानकारी पुस्तकालय में रखे **परिशिष्ट–"अ"** अनुसार है ।

(ख) जानकारी पुस्तकालय में रखे **परिशिष्ट–"ब"** अनुसार है ।

अनुभाग अधिकारी
स्कूल शिक्षा विभाग,
छत्तीसगढ़ शासन
मंत्रालय, रायपुर

## छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

### प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रश्न कमांक | : | 71 |
| (2) | विभाग से उत्तर प्राप्त होने की अंतिम तिथि | : | 19.07.2006 |
| (3) | सदन में उत्तर देने की तिथि | : | 26.7.2006 |
| (4) | वर्ग जिसके लिए वह तिथि नियत है | : | वर्ग – 03 |

स्कूल शिक्षा विभाग

विषयः– पाठ्य पुस्तकों की प्रीटींग कीमत एवं वितरण।

श्री शकाजीत नायक

अतारांकित प्रश्न

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री, महोदय यह बताने की कृपा करेंगे किः–

प्रदेश में पाठ्य पुस्तकों के प्रींटींग एवं कीमत में 2005–06 की तुलना में 2006–07 में पुस्तकवार कक्षा वार पुस्तकों की कीमत में कितनी कितनी कमी या बढ़ोत्तरी हुई है ?

//उत्तर//

स्कूल शिक्षा मंत्री, श्री मेघाराम साहू

प्रदेश में वर्ष 2005–06 में पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा प्रिंटिंग कागज सहित करवाई गई थी, इसलिए प्रिंटिंग की दर अलग से बताना संभव नहीं है । इस वर्ष प्रिंटिंग की दर एकरंगी 8.25 पैसा ( प्रति 8 फर्मा ) व बहुरंगी 13.37 पैसा ( प्रति 8 फर्मा ) से मुहया कराया गया है ।

दो वर्षो की कीमत की जानकारी पाठ्य पुस्तक निगम से पुस्तकवार, कक्षावार प्राप्त की गई है, जो **परिशिष्ट–"अ"** पर है, जिसके अनुसार पुस्तकों की कीमत में कमी आई है।

अवर सचिव अधिकारी
स्कूल शिक्षा विभाग
छत्तीसगढ़ शासन
मंत्रालय, रायपुर

# छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर

विधान सभा अतारांकित प्रश्न कमांक – 71 (डॉ. शकाजीत नायक)

सत्र–2005–06 एवं 2006–07 में मुद्रित पाठ्यपुस्तकों के कीमत की तुलनात्मक सूची

| क. | पुस्तक का नाम एवं कक्षा | सत्र 2005–2006 | सत्र 2006–2007 | अंतर | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रति पुस्तक कीमत | प्रतिपुस्तक कीमत | अंतर | प्रतिशत अंतर |
| 1 | समेकित पाठ्यपुस्तक कक्षा 1 (प्रति सेट) | 52.19 | 35.66 | -16.53 | -31.67 |
| 2 | समेकित पाठ्यपुस्तक कक्षा 2 (प्रति सेट) | 80.46 | 44.56 | -35.90 | -44.62 |
| 3 | समेकित पाठ्यपुस्तक (हिन्दी + अंग्रेजी भाग–1) कक्षा–3 | 28.50 | 25.56 | -2.94 | -10.32 |
| 4 | समेकित पाठ्यपुस्तक (गणित+पर्यावरण भाग–2) कक्षा–3 | 32.10 | 27.94 | -4.16 | -12.96 |
| 5 | समेकित अभ्यास पुस्तिका (हिन्दी + अंग्रेजी भाग–1) कक्षा–3 | 13.81 | 19.99 | 6.18 | 44.75 |
| 6 | समेकित अभ्यास पुस्तिका (गणित+पर्यावरण भाग–2) कक्षा–3 | 17.79 | 14.74 | -3.05 | -17.14 |
| 7 | समेकित पाठ्यपुस्तक (हिन्दी + अंग्रेजी भाग–1) कक्षा–4 | 34.10 | 30.31 | -3.79 | -11.11 |
| 8 | समेकित पाठ्यपुस्तक (गणित+पर्यावरण भाग–2) कक्षा–4 | 45.30 | 40.99 | -4.31 | -9.51 |
| 9 | समेकित अभ्यास पुस्तिका (हिन्दी + अंग्रेजी भाग–1) कक्षा–4 | 15.59 | 14.74 | -0.85 | -5.45 |
| 10 | समेकित अभ्यास पुस्तिका (गणित+पर्यावरण भाग–2) कक्षा–4 | 19.82 | 19.99 | 0.17 | 0.86 |
| 11 | समेकित पाठ्यपुस्तक (हिन्दी + अंग्रेजी भाग–1) कक्षा–5 | 33.60 | 29.72 | -3.88 | -11.55 |
| 12 | समेकित पाठ्यपुस्तक (गणित+पर्यावरण भाग–2) कक्षा–5 | 42.10 | 37.44 | -4.66 | -11.07 |
| 13 | समेकित अभ्यास पुस्तिका (हिन्दी + अंग्रेजी भाग–1) कक्षा–5 | 17.47 | 19.99 | 2.52 | 14.42 |
| 14 | समेकित अभ्यास पुस्तिका (गणित+पर्यावरण भाग–2) कक्षा–5 | 13.21 | 14.74 | 1.53 | 11.58 |
| 15 | भारती – 6 | 17.30 | 15.92 | -1.38 | -7.98 |
| 16 | गणित–6 | 32.40 | 26.08 | -6.32 | -19.51 |
| 17 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी–6 | 28.30 | 25.41 | -2.89 | -10.21 |
| 18 | सामाजिक विज्ञान–6 | 31.30 | 29.57 | -1.73 | -5.53 |
| 19 | सुरभि–6 | 17.00 | 15.33 | -1.67 | -9.82 |
| 20 | इंग्लिश रीडर–6 | 16.70 | 20.08 | 3.38 | 20.24 |
| 21 | भारती–7 | 20.00 | 16.81 | -3.19 | -15.95 |
| 22 | गणित–7 | 47.90 | 38.3 | -9.60 | -20.04 |
| 23 | विज्ञान–7 | 29.60 | 27.19 | -2.41 | -8.14 |
| 24 | सामाजिक विज्ञान–7 | 34.50 | 30.76 | -3.74 | -10.84 |
| 25 | सुरभि – 7 | 17.00 | 14.14 | -2.86 | -16.82 |
| 26 | इंग्लिश रीडर–7 | 16.10 | 12.66 | -3.44 | -21.37 |
| 27 | बालभारती–8 | 20.00 | 17.7 | -2.30 | -11.50 |
| 28 | गणित–8 | 37.30 | 29.81 | -7.49 | -20.08 |
| 29 | विज्ञान (1+2)– 8 | 35.90 | 31.93 | -3.97 | -11.06 |
| 30 | सामाजिक विज्ञान–8 (भूगोल) | 15.90 | 14.43 | -1.47 | -9.25 |
| 31 | सामाजिक विज्ञान–8 (नागरिक शास्त्र) | 13.80 | 12.36 | -1.44 | -10.43 |
| 32 | सामाजिक विज्ञान–8 (इतिहास) | 24.80 | 22.74 | -2.06 | -8.31 |
| 33 | सहायक वाचन–8 | 15.80 | 13.85 | -1.95 | -12.34 |
| 34 | संस्कृत–8 | 14.60 | 11.76 | -2.84 | -19.45 |
| 35 | इंग्लिश रीडर–8 | 18.00 | 16.51 | -1.49 | -8.28 |
| | | **950.24** | **819.71** | **-130.53** | **-13.74** |

अनुभाग अधिकारी
स्कूल शिक्षा विभाग
छत्तीसगढ़ शासन
मंत्रालय, रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय

## प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रश्न क्रमांक | : | 398 |
| (2) | विभाग से उत्तर प्राप्त होने की अंतिम तिथि | : | 19.07.2006 |
| (3) | सदन में उत्तर देने की तिथि | : | 26.7.2006 |
| (4) | वर्ग जिसके लिए वह तिथि नियत है | : | वर्ग – 03 |

स्कूल शिक्षा विभाग

विषयः– कक्षा 6वीं के पाठ्यक्रम से संबंधित जानकारी।

श्री महेन्द्र कर्मा — अतारांकित प्रश्न

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री, महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद द्वारा वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिये कक्षा 6 वीं का पाठ्यक्रम बदला गया है?

(ख) शैक्षणिक सत्र 2004–05 में कक्षा 6 वीं के लिये पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा कितनी पुस्तकों का प्रकाशन कराया गया था ? एवं उनका अनुमानित मूल्य क्या है ?

(ग) क्या वर्तमान शैक्षणिक सत्र में पाठ्यक्रम बदल जाने से विगत शैक्षणिक सत्र में प्रकाशित पुस्तकें अनुपयोगी हो गई हैं? यदि हॉं तो इसके लिये दोषी कौन है एवं दोषी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है?

## //उत्तर//

<u>स्कूल शिक्षा मंत्री, श्री मेघाराम साहू</u>

**(क)** जी हॉं।

**(ख)** प्रकाशन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर द्वारा किया गया था। जानकारी परिशिष्ट –"क" में संलग्न है।

**(ग)** विभाग द्वारा 2,64,102 पुस्तकें छापने का आदेश दिया गया था, लेकिन पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा विभिन्न विषयों के 4,60,000 से 5,06,200 तक की संख्या पुस्तकों का मुद्रण कराया गया । अधिक पुस्तकें छापने के लिए छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम जिम्मेदार है, इसकी जांच कराई जायेगी । यदि कोई अधिकारी दोषी पाया गया तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

अनुभाग अधिकारी,
स्कूल शिक्षा विभाग,
छत्तीसगढ़ शासन
मंत्रालय, रायपुर